लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया 01:13 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 332, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 16 अक्टूबर 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

एसआरएमएस में देवी स्तुति करते कलाकार। • अमृत विचार

कथक और भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने की देवी स्तुति की प्रस्तुति

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में नवरात्र के पहले दिन रविवार को कथक और भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने देवी स्तुति का प्रदर्शन किया। ओम सर्व मंगल मांगल्ये श्लोक पर अनाया, अभ्या, अभियान, अभिश्री, काव्या, गार्गी, श्रेयांशी, संस्कृति, समीक्षा, रिद्धि, अहाना, लव्या, गौरिका, मिहिका, खुशी, तृप्ता, क्षमा, आराध्या, करुणय, हितिका, वर्णी ने प्रार्थना की। इसके बाद जय भगवती देवी गीत पर कथक किया। महिषासुर मर्दनी गीत पर सान्वी, भाव्या, काव्या, संस्कृति, मायरा, आद्या पटेल, आर्या ने देवी स्तुति की और दुर्गा वंदना को भी कथक से प्रस्तुत किया। भैरवी नमोस्तुते पर कथक गुरु देवज्योति नस्कर, रियाश्री चटर्जी और अंशु शर्मा ने कथक के जरिए देवी स्तुति की। इस मौके पर श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।